आज़ादी का
अमृत महोत्सव

राज निवास
दिल्ली-११००५४
RAJ NIWAS
DELHI-110054

विनय कुमार सक्सेना
उपराज्यपाल
Vinai Kumar Saxena
Lt. Governor

D.O. No.: RN/2023/ 402
Dated: 28/07/2023

संदेश

मुझे यह जानकर बेहद प्रसन्नता हो रही है कि आपके पंजाब केसरी समूह द्वारा प्रकाशित **नवोदय टाइम्स** 6 अगस्त 2023 को 10 वर्ष पूरे कर रहा है। इस खास मौके पर मैं आपके नवोदय टाइम्स की समस्त टीम को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

जैसा कि मुझे बताया गया है, नवोदय टाइम्स ने बहुत कम समय में राजधानी दिल्ली के दिल को भांपने की कोशिश की है। इससे दिल्ली की आद्यतन समाचारों को पढ़ने का मौका मुझे भी मिला है। कई मौकों पर अखबार की खबरों ने झकझोरा है। मुझे आशा है कि नवोदय टाइम्स इसी तरह अपनी खबरों में समाज की अंतरात्मा की सच्ची तस्वीर पेश करेगा और अखबार का ज्ञानवर्धक विश्लेषण हम सबको प्रेरित करेगा।

मेरी कामना है कि नवोदय टाइम्स इसी तरह प्रगति के पथ पर बढ़ता रहे और सही मायनों में दिल्ली की सच्ची आबोहवा से हमें रूबरू कराता रहे।

नवोदय टाइम्स को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(विनय कुमार सक्सेना)